PRABODHAN EDUCATION SOCIETY'S
VIDYA PRABODHINI COLLEGE OF COMMERCE, EDUCATION, COMPUTER AND MANAGEMENT, VIDYANAGAR, PARVARI, GOA.
F.Y.B.A.B.Ed. SEMESTER END EXAMINATION

OCT-NOV 2018-19 (REGULAR/REPEAT

SUB: HINDI (optional) काव्य,कथा, व्याकरण एवं रचना HNO-01

SEMESTER: I **DURATION: 2 HOURS** **MAX.MARKS :70**

सूचनाएँ-

1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

2) प्रत्येक मुख्य प्रश्नों का उत्तर नये पन्ने पर ही शुरू करें ।

3) प्रश्न क्रमांक और उपप्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए ।

4) दायी ओर दर्शाएँ हुए अंक प्रश्न के गुण दर्शाते हैं ।

प्र.1.अ.निम्नलिखित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए । **(2×5=10)**

i) कवि ने आधुनिक शिक्षा व्यवस्था पर किस प्रकार से व्यंग्य किया है ?

ii) 'कल्पना के कानन की रानी' कविता के भावार्थ को समझाइये ।

iii) 'ठुकरा दो या प्यार करो' कविता में कवयित्री मानवीय श्रद्धा के बारे में क्या कहा है ?

iv) 'अँधेरे का दीपक' कविता में कवि का आशावादी स्वर कैसे नजर आता है ?

(आ) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए । **(05)**

i) सौ वस्तुओं का संग्रह ।

ii) सबसे आगे रहनेवाला ।

iii) गोद लिया हुआ पुत्र ।

iv) जिस पुस्तक के आठ अध्याय हो ।

v) घूम घूमकर -जीवन बिताने वाला ।

प्र.2. निम्नलिखित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए । **(2×5=10)**

i) कैलास के साथ कौनसी घटना घटी थी ? भगत उसकी सहायता कैसे करता है ?

ii) गाँधी जी अपने दोष किस प्रकार स्वीकार कर लेते हैं ?

iii) भौजी ससुराल के लोगों का दिल कैसे जीत लेती है ?

iv) श्रीमतीजी के नौकरों को लेकर क्या विचार थे ?

आ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । **(10x ½= 05)**

i) जटिल   ii) कठोर   ii) अपमान   iv) गरम   v) खेद

vi) गगन   vii) नूतन   viii) वक्ता   ix) गौण   x) कलयुग

प्र. 3 .अ) निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । (लगभग 200 शब्दों में) **(05)**

i) बहादुर कविता के जीते – जागते,

कभी न हार मानने वाले जनता के

बहादुर तराने

और जिन्दा फ़साने

आँखों को चमकाने वाले ,

दिलो को गरमाने वाले ,

आज के इतिहास को

छन्द में समझाने वाले ;

अथवा

(05)

ii) निर्दय उस नायक ने

निपट निठुराई की

कि झोंकों की झाड़ियों से

सुन्दर सुकुमार देह सारी झकझोर डाली,

मसल दिये गोरे कपोल गोल ;

चौंक पडी युवती --

आ.i) 'तुम अपनी चीजों को अच्छी तरह देख लो , अगर कोई चीज भी गायब हुई तो मैं पुलिस में इत्तला कर दूँगा। मैंने उसका पता – वता सब लिख लिया है।' **(05)**

अथवा

ii) ' तुम सब भी कुत्ते हो, और मैं भी कुत्ता हूँ। फर्क सिर्फ इतना है कि तुम लोग सरकार के कुत्ते हो --- हम लोगों की हड्डिया चूसते हो और सरकार की तरफ से भौंकते हो।' **(05)**

प्र.4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 300- 400 शब्दों में लिखिए । **(10)**

'झाँसी की रानी' कविता में कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान ने राणी लक्ष्मीबाई के योगदान को किस प्रकार उद्घाटित किया है ?

अथवा

प्र.4. टिप्पणियाँ लिखिए । (लगभग 200 शब्दों में) (05+05=10)

i) 'यह तुम थी' कविता का भावार्थ ।

ii) शमशेर बहादुर सिंह के गज़लो में अभिव्यक्त व्यंग्य ।

प्र. 5. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 300- 400 शब्दों में लिखिए । **(10)**

'मंत्र' कहानी में आदर्श और सज्जनता की सीख सभ्य समाज की व्यवसायिक दुनिया के सामने प्रदर्शित की गयी है इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

अथवा

प्र.5. टिप्पणियाँ लिखिए ।(लगभग 200 शब्दों में) **(05+05=10)**

i) गाँधी जी का प्रायश्चित ।

ii) देवा की माँ ।

प्र. 6. निम्नलिखित किन्हीं **दो** का भाव विस्तार कीजिए । **(10)**

i) आ बैल मुझे मार ।

ii) उलट चोर कोतवाल को डाँटे ।

iii) साँप मरे , न लाठी टूटे ।

iv) गागर में सागर भरना ।

समाप्त